आधारभूत सारांश रिपोर्ट

Te Korowai Whetū
Social Cohesion

Social Cohesion Guide

social cohesion
आधारभूत विवरण का सारांश

social cohesion आधारभूत सारांश एक विवरण है जो यह बताता है कि उपलब्ध जानकारी के आधार पर वर्तमान में Aotearoa न्यूजीलैंड में social cohesion कैसा दिखता है। यह भविष्य में social cohesion को मापने के लिए एक प्रारंभिक बिंदु प्रदान करता है।

Aotearoa न्यूजीलैंड में, हमारे समाज में social cohesion है जब लोग जुड़ते हैं और अपनेपन की भावना महसूस करते हैं, भाग लेने में सक्षम होते हैं, पहचाने जाते हैं और सम्मानित होते हैं, समान रूप से शामिल किये जाते हैं और दूसरों और सरकारी संगठनों में विश्वास करते हैं।

social cohesion प्राप्त करने के लिए, वे स्थान जहाँ लोग रहते हैं, काम करते हैं, खेलते हैं और सीखते हैं, सुरक्षित, समावेशी और सहायक होने चाहियें; और हमारे समाज में प्रणाली और सेवाएं निष्पक्ष होनी चाहियें और विभिन्न आवश्यकताओं और मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने में सक्षम होनी चाहियें।

Aotearoa न्यूज़ीलैंड में social cohesion को मापने का कोई एक तरीका नहीं है, इसलिए हमें यह समझने के लिए जानकारी और तथ्यों के कई स्रोतों का उपयोग करना होगा कि हमारा social cohesion वास्तव में कैसा दिखता है। हमने 2016 और 2021 के बीच एकत्र किए गए वर्तमान तथ्य स्रोतों और सर्वेक्षणों का उपयोग किया। आम तौर पर, social cohesion के संबंध में सकारात्मक जानकारी थी, लेकिन कभी-कभी जानकारी social cohesion से संबंधित अधिक जटिल मुद्दों को प्रतिबिंबित नहीं करती। उदाहरण के लिए, जो जानकारी एकत्र की जाती है, उसका उपयोग हमेशा समाज में छोटे समूहों के लिए social cohesion को समझने के लिए नहीं किया जा सकता है।

जानकारी से पता चलता है कि Aotearoa न्यूजीलैंड में रहने वाले बहुत से लोगों के पास उच्च स्तर का जुड़ाव, विश्वास, भागीदारी और हित हैं। लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि यह सभी लोगों का अनुभव नहीं है। उदाहरण के लिए, Māori लोगों के बारे में आंकड़े बताते हैं कि उनके पास अपने परिवार और संस्कृति के माध्यम से उच्च स्तर की भागीदारी है, लेकिन सरकार में विश्वास निम्न स्तर का है और शिक्षा, रोजगार और मतदान में कम भागीदारी है।

इसके अलावा, जानकारी से यह भी पता चलता है कि Aotearoa न्यूजीलैंड में social cohesion के लिए भेदभाव एक महत्वपूर्ण बाधा है। कुछ समूह उच्च स्तर के भेदभाव का अनुभव करते हैं, जैसे कि बसे हुए लोग (शरणार्थी) और एशिया और प्रशांत द्वीप समूह के प्रवासी, एकल माता-पिता और बेरोजगार लोग। बहुत से

लोगों ने एक ही समय में कई प्रकार के भेदभाव का अनुभव किया, जिससे उनके नकारात्मक अनुभव और बढ़ गए। उदाहरण के लिए, महिलाओं और इंद्रधनुष समुदायों (LGBTQIA+) ने समग्र रूप से उच्च भेदभाव का अनुभव किया, लेकिन इन समूहों के लोगों द्वारा उनकी जातीयता या विकलांगता आदि के आधार पर अनुभव किए गए भेदभाव में अंतर था।

अंत में, जानकारी से पता चलता है कि सरकार और सार्वजनिक सेवाओं में वरिष्ठ नेतृत्व की भूमिकाएं जातीय रूप से अधिक विविध हो सकती हैं। यह Aotearoa न्यूज़ीलैंड में समाज की बनावट को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करेगा।

COVID-19 का सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरीकों से Aotearoa न्यूज़ीलैंड में social cohesion पर प्रभाव पड़ा है। उदाहरण के लिए, समुदाय एक-दूसरे का समर्थन करने के लिए एक साथ जुड़ गए हैं, लेकिन बहुत से लोग अपने परिवार और दोस्तों को आमने-सामने नहीं देख पाए हैं, और महामारी ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को बढ़ा दिया है। COVID-19 महामारी के अन्य प्रभाव अभी भी हो रहे हैं।

Te Korowai Whetū
Social Cohesion